**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- कोयम्बटूर में दक्षिण अंडमान प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उद्घाटन करेंगे।
- जंगली जानवरों के कारण फसल खराब होने और बाढ़ से धान की फसल का नुकसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल।
- राज्य परिवहन प्राधिकरण ने ऑटो रिक्शा में मीटर लगाना अनिवार्य किया–नियमों का उल्लंघन करने पर परमिट रद्द किए जाएंगे।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मानवीय कदम उठाते हुए चिकित्सीय और शोक समय में फेरी सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में पांच हज़ार किसानों के शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री 9 करोड़ किसानों के लिए 18 हज़ार करोड़ रुपये की 21वीं पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से बातचीत करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ही आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु भी जायेंगे। प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा मंदिर और महासमाधि स्थल पर पूजा–अर्चना करेंगे। श्री मोदी श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह में भी भाग लेंगे। इस अवसर पर श्री सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और विरासत को समर्पित स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया जायेगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

<><><><><><><><><><>

जंगली जानवरों के कारण फसल खराब होने और बाढ़ से धान की फसल का नुकसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हो गया है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि जंगली जानवरों के हमले से होने वाले फसल नुकसान को अब स्थानीयकृत जोखिम प्रणाली के अंतर्गत पांचवें अतिरिक्त कवर के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस योजना में बाढ़ से धान की फसल के नुकसान को स्थानीयकृत आपदा के अंतर्गत पुनःशामिल किया गया है। यह निर्णय कई राज्यों के लंबे समय से किए जा रहे मांगों के अनुरूप है जिसका उद्देश्य किसानों को अचानक, स्थानीय और गंभीर फसल क्षति से सुरक्षा प्रदान करना है। इसकी रूपरेखा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई है।

<><><><><><><><><><>

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि भारत को आतंकवाद से लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और देश इसका उपयोग करेगा। रूस के मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक में डॉ. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया को आतंकवाद के सभी स्वरूपों को कतई बर्दाशत न करने की नीति अपनानी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह ज़रूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए।

<><><><><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत–अमरीका साझेदारी मज़बूत और स्थिर है। यह रणनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में विस्तारित हो रही है। नई दिल्ली में श्री गोयल ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चिंता का कोई कारण नहीं है।

उन्होंने दोहराया कि दोनों देशों के बीच मित्रता लोकतंत्र, विविधता और साझा विकास के दृष्टिकोण पर आधारित है। श्री गोयल ने कहा कि वार्ता एक सतत प्रक्रिया है और भारत को अपने किसानों, मछुआरों, लघु उद्योगों और व्यवसायों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

<><><><><><>

राज्य परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा के तहत मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया है। विभाग को मिली शिकायतों का संज्ञान लेते हुए ऑटोरिक्शा चालकों को इन नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने पर उनके परमिट रद्द भी किए जा सकते है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से बंबूफ्लाट और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की मांग पर चिकित्सा आपात स्थिति और शोक के समय यात्रियों की मदद हेतु एक सहानुभूति आधारित निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार अब अधिकतम दो दुपहिया वाहन और साथ में चालक, एम्बुलेंस या शव वाहन के साथ बंबूफ्लाट और फीनिक्स बे के बीच फेरी में चढ़ सकेंगे।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और आयुष शाखा के सहयोग से सरस आजीविका मेला के तहत प्रदर्शनी मैदान में आज हेल्दी बेबी शो का आयोजन कर रहा है। हेल्दी बेबी शो तीन आयु वर्ग में निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण का कार्य आज सुबह 9 बजे से चलेगा।

इस बीच, ग्रामीण विकास विभाग ने पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाओं के सहयोग से सरस मेला में पोल्ट्री नस्लों और ग्रामीण उत्पादों की समृद्ध प्रदर्शनी लगाई।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित शिक्षा सदन में कल से पांच दिवसीय निष्ठा शैक्षिक प्रौद्योगिकी (चरण–I) प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के 9 शैक्षिक अंचल क्षेत्रों के 37 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षाओं में आधुनिक प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने डिजिटल उपकरणों का उपयोग, गुणवत्ता युक्त ई–सामग्री निर्माण और छात्र केन्द्रित पद्धतियों पर जोर दिया।

<><><><><><>

शिक्षा और खेल निदेशालय के तहत उप शिक्षा अधिकारी, विम्बीलीगंज और खेल प्राधिकरण की ओर से संयुक्त रूप से 'नॉर्थ बे रोड मैराथन 5.0 –खेल का नशा और साइकिल रैली' का आयोजन 23 नवम्बर को सुबह 6 बजे किया जाएगा। यह आयोजन चूनाभट्टा से नॉर्थ बे से होते हुए वापस चूनाभट्टा में सम्पन्न होगा। मैराथन विभिन्न श्रेणियाँ में आयोजित की जाएंगी। पंजीकरण आयोजन स्थल पर सुबह 5 बजे से शुरू होगा।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से मन्नारघाट ग्राम पंचायत में नशा मुक्त भारत अभियान का 5वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, महिलाओं, और युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने नशे और पुनर्वास पर आधारित एक प्रेरक नाटिका प्रस्तुत की।

<><><><><><>

वन विभाग ने स्ट्रेट आइलैंड के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना के मसौदे को तैयार करने हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है। आम नागरिकों और अन्य हितधारकों से 30 दिनों के भीतर सुझाव आमंत्रित किए गए थे। मसौदा  एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना के मानचित्रों की प्रतियां प्रशासन और पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। जन सुनवाई 15 दिसम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत नीलाम्बुर के समुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने फरारगंज और लिटिल अंडमान तहसील में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसके तहत 5100 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और सरकार की भूमि का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ये कड़ी कार्रवाई जारी रखेगा।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सहयोग से कल कॉलेज में चुनावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को विशेष गहन संशोधन के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए चल रही प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। छात्रों से अपने परिवारों और दोस्तों को इस महत्वपूर्ण तिथि के बारे में सूचित करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>